B.A. III

Saathi

Date — / — / —

प्र॰ पर्यावरण रक्षा अधिनियम 1986 के तहत दी गई केन्द्र सरकार के सामान्य अधिकार क्या हैं

उ॰ पर्यावरण रक्षा अधिनियम 1986 के अधीन केन्द्र सरकार के सामान्य अधिकार हैं —

(1) राज्य सरकारों अधिकारियों एवं अन्य प्राधिकरणों के कार्यो का संयोजन —

(2) पर्यावरण प्रदूषण को रोकथाम नियंत्रण एवं निवारण हेतु राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों का नियोजन एवं उनका क्रियान्वयन —

(3) पर्यावरण की गुणवत्ता के मानकों का निर्धारण —

(4) विभिन्न स्त्रोतों से प्रदूषकों का उत्सर्जन एवं विसर्जन के लिए मानकों का निर्धारण —

(5) ऐसे क्षेत्रों का निर्धारण करना जिनके किसी भी उद्योग की स्थापना न करनी हो या किसी प्रकार के उद्योगों का प्रचालन नहीं होने देते हैं

(6) ऐसी दुर्घटनाओं जो पर्यावरण प्रदूषण कर सकती हैं की रोकथाम तथा ऐसी दुर्घटनाओं के निवारण के उपायों के लिए प्रक्रिया एवं रक्षा के लिए उपाय निर्धारित करना

(7) खतरनाक तत्वों के रख रखाव के लिए प्रक्रिया एवं सुरक्षा के उपाय निर्धारित करना

(8) पर्यावरण प्रदूषण करने वाले पदार्थों तत्वों तथा उत्पादक प्रक्रियाओं का परीक्षण करना

(9) पर्यावरण प्रदूषण से सम्बन्धित शोध करना या जाँच प्रायोजित करना

Page No.

Saathi

Date __/__/____

## गंगा कार्य योजना

40अंक केन्द्रीय सरकार ने 1985 मे केन्द्रीय गंगा
30अंक प्राधिकरण की स्थापना की। इसका उद्देश्य
गंगा जल की गुणवता का संरक्षण करना है
यह पवित्र नदी तीन राज्यो उ०प्र० बिहार
और पश्चिमी बंगाल से होकर गुजरती है।
केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण के प्रमुख कार्य
निम्न लिखित है।

(1) प्रदुषित पदार्थो का निकासी हेतु बने नाले तथा नालियों का नवीनीकरण ताकि वह गंगा मे न ~~पहुच~~ पहुच पाये —

(2) अनुपयोगी पदार्थो तथा दुषित द्रव्यो को गंगा मे जाने से रोकने के लिए नवीन रोधक नालो का निर्माण तथा वर्तमान पम्पिंग स्टेशनो और मल संयन्त्रो का नवीनीकरण ताकि इससे ऊर्जा ~~के~~ साधन मिल सके —

(3) नये सामूहिक शौचालय बनाना तथा पुराने शौचालयो के फ्लश मे परिवर्तन करन —

(4) विद्युत शवदाह गृहो का निर्माण

(5) गंगा के घाटो का विकास करना

(6) औद्योगिक प्रदुषण की समस्या पर विचार करना। इस गंगा प्राधिकरण ने अब कुल 68 औद्योगिक संस्थाओ को चुना है। जो गंगा के जल के प्रदुषित करती है।

(7) प्राधीकरण द्वारा 27 निर्धारित स्थानो पर जल के नमूने लेने और उसकी गुणवता परखने का कार्य किया जाता है।

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, ताखा, बलिया